Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष ३० अंक- ०८ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो १६-३० अप्रैल २०२० पृष्ठ ०८ मूल्यः १५ रु.मात्र (रंगीन सहित)




## कोरोना से जंग मे अभी रखना होगा और संयम- पीएम

### पार्ट-२: लॉकडाउन कि अवधि बढ़ी ०३ मई तक

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। देशभर में जारी कोरोना कहर के कहर को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशव्यापी लॉकडाउन की अवधि को ३ मई तक बढ़ा दिया है। कोरोना वायरस लॉक-डाउन के २१ वें दिन देश के नाम संबोधन में मंगलवार दिनांक १४.०४.२०२० को सुबह १० बजे पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए देश में ३ मई तक लॉकडाउन जारी रहेगा। नरेंद्र मोदी ने कहा कि २० अप्रैल के बाद कुछ सेक्टर्स में सशर्त सीमित छूट दी जा सकती है। लेकिन कोरोना वायरस के मामलों में कमी नहीं दिखी तो इसे वापस ले लिया जाएगा। पीएम ने कहा कि जिस तरह से देशवासियों ने त्याग और तपस्या का परिचय दिया है, वह कोरोना कि लड़ाई में अहम है। बता दें कि इससे पहले प्रधानमंत्री ने कोरोना को फैलने से रोकने के लिए २४ मार्च से २१ दिन के देशव्यापी लॉकडाउन की घोषणा की थी, जिसकी अवधि मंगलवार दिनांक १४.०४.२०२० को खत्म हो गई थी। पीएम मोदी ने कहा कि इस दौरान हमें अनुशासन का उसी तरह पालन करना है जैसे कि हम करते आ रहे हैं। किसी भी कीमत पर नए क्षेत्रों में फैलने नहीं देना है।

## कोरोना से जंग में ट्रैक मेंटेनर हैं रियल हीरो



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। आज जब पूरी दुनिया कोरोनो वायरस के डर से चिंतित है और सभी लोग अपने घरों में बंद हैं, वहीं रेलवे के ट्रैक मेंटेनर, पर्यवेक्षक और अधिकारी ट्रैक के रखरखाव के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं ये भरी गर्मी में ट्रैक का अनुरक्षण कर रहे हैं ताकि खाने योग्य सामग्री और अन्य आवश्यक सामान भारत के प्रत्येक कोने में समय से पहुंच सके। भारत सरकार द्वारा निर्देशित नियमो का पालन करते हुए अपने कर्तव्यों का पालन पुरे जोश के साथ कर रहे हैं। सभी मुख्यालय और डिवीजन के इंजीनियरिंग अधिकारी ट्रैक के रखरखाव के काम पर नजर रख रहे हैं। मालगाड़ियो के सुरक्षित संचालन के लिए ये ट्रैक मेंटेनर्स सुबह से शाम तक लगी रहती है, नाना प्रकार के काम जैसे ड्रेसिंग, बॉक्सिंग, वेल्डिंग, ओवर हालिंग कार्य ना केवल सोशल डिसटेनसिंग बना के कर रहे हैं अपितु अपनी स्वच्छता का भी ध्यान रख रहे हैं। मास्क, दस्ताने पहनकर ५० डिग्री के तापमान पर कार्य करना किसी भट्टी से सामने काम करने जैसा है परन्तु इनका हौसला तनिक भी डिगा नहीं है।

अपने कंधे पर दस किलो के औजार के साथ ५ किलो मीटर चलकर ट्रैक की मरम्मत और देख रेख निरंतर कर रहे हैं। सभी अधिकारी कोरोना- १६ के लिए प्रत्येक ट्रैक मेंटेनर को मास्क, सैनिटाइजर, सोप और ग्लव्स की उपलब्धता भी सुनिश्चित कर रहे हैं। ये ट्रैक मैन्टैनर रीढ़ कि वो हड्डी हैं जिनके दम पर देश के प्रत्येक कोने में खाने योग्य और अन्य आवश्यक वस्तुओं का परिवहन इन ट्रैक मेंटेनर योद्धाओं की वजह से निर्बाध रूप से आसानी से संभव हो रहा है।

## लॉकडाउन 02 सभी यात्री रेल सेवाएं ३ मई तक रद्द

प.सू.का/ नई दिल्ली। कोविड-१६ की वजह से किए गए लॉकडाउन के मद्देनजर जारी उपायों के क्रम में भारतीय रेल ने सभी यात्री रेलगाड़ियों को ०३ मई २०२० तक रद्द रखने का निर्णय लिया गया है।

वहीं देश के विभिन्न हिस्सों में आवश्यक सामानों की आपूर्ति के लिए माल और पार्सल गाड़ियों का परिचालन जारी रहेगा। रद्द की गई रेलगाड़ियों के लिए पहले से आरक्षित टिकटों का पूरा रिफंड मिलेगा। वहीं ३ मई २०२० तक रद्द की गई ट्रेनों के टिकटों का रिफंड अपने आप ग्राहकों को ऑनलाइन भेज दिए जाएंगे, जबकि जिन लोगों ने काउंटरों से बुकिंग की है वे अपना रिफंड ३१ जुलाई, २०२० तक ले सकते हैं।

## लॉकडाउन में किया रेलटेल ने धनबाद मण्डल में ई-आफिस का कार्य पूरा

रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। कोविड-१६ के प्रकोप के कारण राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के बावजूद, रेलटेल ने पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद डिवीजन में एनआईसी ई-ऑफिस प्रदान करने का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इसके साथ ईसीआर क्षेत्रीय मुख्यालय और ४ डिवीजन कार्यालय अब रेलटेल द्वारा लागू एनआईसी ई-ऑफिस के साथ मैनुअल फाइलों को छोड़कर पेपर लेस वर्क कल्चर को अपना रहे हैं। ई-ऑफिस इस तरह के संकट के समय में वरदान साबित हुआ है और रेलवे का कार्यबल अब घर से भी काम कर सकता है, जो मैनुअल फाइलिंग सिस्टम के मामले में असंभव था। रेलटेल टीम के लिए लॉकडाउन चरण के दौरान काम पूरा करना बड़ी चुनौती थी क्योंकि आवाजाही के संसाधनों पर प्रतिबंध था। हालाँकि, रेलटेल ने अधिकांश कार्य दूरस्थ रूप से पूरा किया और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण भी प्रदान किया।

## यूपी में कोरोना के नए ४५ मामले, आंकड़ा पहुंचा ७०० के पार

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोरोना वायरस का कहर उत्तर प्रदेश में लगातार बढ़ता जा रहा है। दिनांक १४.०४.२०२० मंगलवार कि रात ८०६ मरीजों की जांच की गई जिसमें से ४५ की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। जिसमें ३१ सिर्फ लखनऊ के हैं, जबकि १३ आगरा और एक सीतापुर का मरीज है। जिससे उत्तर प्रदेश में कोरोना पॉजिटिव मरीजों का आंकड़ा ७०० के पार हो गया है। मंगलवार को कोरोना के ४१ नए मरीज सामने आए थे। वहीं उत्तर प्रदेश में मंगलवार तक ६ लोगों की मृत्यु हुई है।

# राष्ट्र का मनोबल और सकारात्मकता का माहौल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायें खिलाड़ी: प्रधानमंत्री



प.सू.का/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रख्यात खिलाड़ियों के साथ संवाद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'कोविड-१६ पूरी मानवता का दुश्मन है और वर्तमान स्थिति की गंभीरता का पता इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पहली बार ओलंपिक गेम्स को स्थगित किया गया है। दिनांक ०३.०४.२०२० को प्रधानमंत्री ने खेल के मैदान पर शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्र को गौरवान्वित करने के लिए खिलाड़ियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्र का मनोबल बढ़ाने और सकारात्मकता का माहौल बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। इसके साथ ही खिलाड़ियों को लोगों से लॉकडाउन के दौरान जारी की जाने वाली एडवाइजरी का निरंतर पालन करने के लिए कहना है। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस लड़ाई में समस्त खिलाड़ी अत्यंत सक्रियता-पूर्वक भाग लेंगे। इस वीडियो कॉन्फ्रेंस में ४० से भी अधिक शीर्ष खिलाड़ियों ने भाग लिया।

# विधायक कराएं अपने क्षेत्रों में योजनाओं को लागू- केजरीवाल

रे.स.ब्यू./सूत्र.नई दिल्ली। कोरोना वायरस संक्रमण के कारण बने हालात पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने वीडियो कॉफ्रेंसिंग से आप विधायकों से चर्चा की। उन्होंने सभी विधायकों को निर्देश दिया कि वे दिल्ली सरकार की तरफ से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को अपने क्षेत्रों में लागू कराएं। शुक्रवार दिनांक ०३.०४.२०२० को उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी विधायक के इलाके में कोई गरीब व्यक्ति भूखा न सोने पाए। मुख्यमंत्री ने विधायकों से यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सरकारी दुकानों पर सभी लोगों को राशन मिले। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि राशन व भोजन के वितरण में गड़बड़ी नहीं



होनी चाहिए। उन्होने कहा कि जिनके पास राशन कार्ड नहीं हैं, उनको भी राशन दिया जा रहा है। इसके साथ ही विधायक अपने-अपने क्षेत्र में समाज के सभी ऐसे लोगों को एकत्र करें, जो गरीबों की मदद करना चाहते हैं और विधायक वह मदद लोगों तक पहुंचाने का काम करें। इसके साथ ही सोशल डिस्टेन्सिंग का पूरा पालन किया जाए।

# आपत्तिजनक ट्वीट पर हुआ मुकदमा दर्ज

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। आपत्तिजनक मैसेज करने पर कर्नलगंज पुलिस ने कासिम रजा और गुड़िया के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दिनांक ०४.०४.२०२० को दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया की मदद से पता चला है कि ट्विटर पर कासिम रजा की आईडी से धार्मिक सीरियल को लेकर एक आपत्तिजनक संदेश पोस्ट किया गया था और धार्मिक भावनाएं भड़काने वाले कमेंट किए गए। साइबर सेल की मदद से कर्नलगंज पुलिस पता लगा रही है कि कासिम रजा और गुड़िया कौन है। दोनों की किस आईडी से ट्विटर पर प्रोफाइल बनी है। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

# नौजवान भारत सभा ने पहुंचाया राशन

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। लॉकडाउन में फंसे जरूरतमंद मजदूर परिवारों को नौजवान भारत सभा और दिशा छात्र संगठन की ओर से छोटा बघाड़ा के पास बुधवार दिनांक ०८.०४.२०२० को राशन वितरण किया गया। वितरण में शामिल अमित, महाप्रसाद, शिवा, नीशु ने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन भी किया।

# प्रदेश के निवासियों का सभी राज्यों में रखा जा रहा है विशेष ध्यान- केशव प्रसाद मौर्य



सूचना विभाग प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया की कोविड-१६ के चलते, देश के विभिन्न राज्यों में उत्तर प्रदेश के रह रहे व्यक्तियों के खानपान, रहने व उनकी समस्याओं का समाधान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पूरी गंभीरता के साथ किया जा रहा है , यही नहीं उत्तर प्रदेश के अंदर अन्य राज्यों के रह रहे लोगों को भी सभी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं।

११ अप्रैल २०२० को मौर्य ने बताया कि २० राज्यों में उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जो देश के विभिन्न राज्यों में बसे उत्तर प्रदेश के मूल निवासियों की भरपूर सहायता कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि सभी नोडल अधिकारियों को सरकार द्वारा निर्देशित किया गया है कि वह अपने आवंटित राज्य में उत्तर प्रदेश के रह रहे मूल निवासियों के बारे में लगातार वहां के वरिष्ठ अधिकारियों व जिलाधिकारियों आदि से समन्वय कर वार्ता करते रहें तथा फीडबैक लेते रहें, ताकि किसी को कोई समस्या न होने पाये।

# कोरोना कि जंग में उत्तर रेलवे का सराहनीय प्रयास

रे.स.ब्यू./सूत्र.नई दिल्ली। कोरोना से लड़ी जाने वाली जंग के लिए उत्तर रेलवे के सभी मंडल और कारखाने रात-दिन प्रयास कर रहे हैं। देश के विभिन्न हिस्सों में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मालगाड़ियों को चलाने के अलावा, उत्तर रेलवे सेनिटाइजरों, फेस मास्कों और कवरॉल का निर्माण करने के साथ-साथ रेल डिब्बों को आइसोलेशन वार्डों में बदलने का कार्य तेजी से कर रही है। उत्तर रेलवे की ओर से किए गए प्रयासों में दिनांक 11.04.2020 तक 3779 लीटर हैंड सेनिटाइजर, 20256 फेस मास्क, 621 कवरॉल का निर्माण करने के साथ-साथ 540 रेल डिब्बों को आइसोलेशन वार्डों में बदला गया है ।

# प्रमुख मुख्य इंजीनियर उत्तर मध्य रेलवे ने किया प्रयागराज -फतेहपुर खंड का निरीक्षण



रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। कोरोना वायरस के संक्रमण को कम करने के लिए लाक डाउन के समय में मालगाड़ियों का संचालन सुनिश्चित करने हेतु प्रयागराज मंडल में इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों द्वारा ट्रैक अनुरक्षण का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार दिनांक १०.०४.२०२० को शरद मेहता प्रमुख मुख्य इंजीनियर/ उत्तर मध्य रेलवे ने आपात कालीन रेल निरीक्षण यान से प्रयागराज-फतेहपुर खंड का रियर विंडो से ट्रैक निरीक्षण किया, और ट्रैक मशीनों, गैंग व कार्यस्थल पर मौजूद कर्मचारियों का मार्गदर्शन व उत्साहवर्धन किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य रेल पथ इंजीनियर ए के ददरिया, मुख्य इंजीनियर टीएमसी आर के अग्रवाल, मंडल इंजीनियर द्वितीय ऋषि कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

ट्रैक पर काम कर रहे प्रत्येक कर्मचारियों को मास्क, सैनिटाइजर एवं साबुन भी प्रदान किया गया है तथा सोशल डिस्टेंस का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# घर पर बने मास्क भी हैं कोरोना से लड़ने मे उपयोगी

चीन के वुहान से फैला कोरोना का संक्रमण थमने का नाम नहीं ले रहा है। भारत के साथ-साथ कोरोना वायरस तेजी से कई देशों में फैलता जा रहा है, जिसकी वजह से फेस मास्क की मांग भी बढ़ गई है, और अब केंद्र सरकार ने कोरोना से बचने के लिए मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया है। एडवाइजरी जारी करते हुए सरकार ने कहा आम लोग सर्जिकल मास्क की बजाय घर में भी मास्क बना सकते हैं, फिर चाहे वो रूमाल, कपड़े या फिर गमछा ही क्यों ना हो। इससे भी कोरोना के संक्रमण को रोकने में काफी मदद मिल सकती है। एडवाइजरी में कहा गया है कि घर पर बना मास्क किसी संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने पर निकलने वाली बूंदों को आप तक पहुंचने में रोकता है और इसे अच्छी तरह धोकर दोबारा इस्तेमाल में लाया जा सकता है। मास्क बनाते समय यह जरूर ध्यान रखें कि वह चेहरे पर अच्छी तरह से फिट हो रहा है ।

सम्पादकीय

## सोशल डिस्टेन्सिंग और तबलीकी जमात

पूरी दुनिया जब सोशल डिस्टेंसिंग की बात कर रही थी, देश के प्रधानमंत्री जब लोगों से अपील कर रहे हैं, तमाम कार्यक्रम वगैरह रद्द किए जा रहे थे, तब राजधानी दिल्ली में निजामुद्दीन इलाके में तबलीगी जमात नामक संगठन के हजारों लोग अपना जलसा कर रहे थे। लापरवाही, परेशानियों को किस कदर बढ़ा देती है, अगर इसे समझना है तो दिल्ली के निजामुद्दीन इलाके में पिछले कुछ दिनों जो हुआ, उस पर गौर कीजिए। इस कार्यक्रम में बहुत सारे देशों से लोग शामिल होने आए थे, जो ना सिर्फ जलसा कर रहे थे बल्कि इस कार्यक्रम के माध्यम से कोरोना संक्रमण को काफी दूर तक फैलाने का भी काम किया। इस जलसे में भाग लेने आए कई लोगों के कोरोना संक्रमित होने की पुष्टि हो चुकी है। चिंता कि बात यह है कि पूरी बात का खुलासा तब हुआ, जब सम्पूर्ण भारत में लॉकडाउन लागू हुए पूरे छह दिन बीत चुके थे और यह पाया गया कि हजारों लोग वहां अब भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम के आयोजकों का तर्क था कि जब यह जलसा हुआ तब लॉकडाउन लागू नहीं था, जबकि सच्चाई यह है कि जब यह सब हुआ तब तक शासन ने आदेश लागू कर दिया था कि दिल्ली में कहीं भी एक जगह पर पांच से अधिक लोगों के जमा होना पूरी तरह प्रतिबंधित है। धार्मिक नेताओं और संगठनों को यह कब समझ आयेगा कि कोरोना जाति, धर्म, मजहब को नहीं मानता, वह अमीर गरीब को नहीं देखता, इसका एक मात्र इलाज सोशल डिस्टेन्स को मेंटेन करके रखना ही है।

**हमारा लक्ष्य संरक्षा सुरक्षा एवं समय पालन**

मुरादाबाद

## पथराव करने वालों पर रासुका के तहत होगी कार्रवाई

रे.स.ब्यू./सूत्र.मुरादाबाद। स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की टीम मुरादाबाद के नवाबपुरा में दिनांक १५.०४.२०२० को कोरोना से संपर्क में आने वालों को क्वारंटीन करने गई थी जहां पर लोगों ने अचानक ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया था। जिसमें डॉक्टर समेत छह स्वास्थ्य कर्मी और कई पुलिसकर्मियों को भी चोटें आई थी। जिस पर पुलिस महानिरीक्षक रमित शर्मा ने कहा कि पथराव करने वाले एक-एक व्यक्ति को कड़ी कार्रवाई झेलनी होगी। साथ ही शामिल हरेक व्यक्ति के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की जाएगी।

बतादें कि उन लोगों पर कातिलाना हमले और लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

## कोरोना पर विजय पाने को गंगा आरती से हुआ विशेष अनुष्ठान



रे.स.ब्यू./सूत्र. वाराणसी जहां पृथ्वी के समस्त निवासियों को कोरोना वायरस के संक्रमण ने अपने खौफ से डरा रखा है वहीं दूसरी ओर शिव की नगरी काशी भी इससे अछूती नहीं है।

आलम यह है कि यहां के सभी देव स्थान सहित रोज होने वाली विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती में भी पर्यटकों और श्रद्धालुओं की आवाजाही पर पूरी पूरी तरह बंद है। वहीं गंगोत्री सेवा समिति द्वारा गुरुवार दिनांक ०२.०४.२०२० को इस वैश्विक महामारी पर विजय प्राप्त करने हेतु विशेष आरती का आयोजन किया गया था। काशी में दशाश्वमेध घाट पर नित्य आरती संपादित कराने वाले पं. किशोरी रमण दुबे ने दो दशक माता गंगा से अनुनय-विनय के लिए स्वयं गंगा आरती की। जिसमें गंगा आरती के पूर्व विधिपूर्वक पूजन के पश्चात जल प्रवाह में असंख्य दीप भी प्रवाहित किए गए।

## गोरखपुर में तैयार हुआ प्रदेश का पहला सैनिटाइजर टर्मिनल

रे.स.ब्यू./सूत्र.गोरखपुर।कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए गोरखपुर में प्रदेश का पहला सैनिटाइजर टर्मिनल तैयार किया गया है। महेवा मंडी में बने इस टर्मिनल का शुक्रवार दिनांक ०३.०४.२०२० को ट्रायल हुआ। कमिश्नर जयंत नार्लिकर महेवा मंडी में बने इस टर्मिनल से गुजरे। इसे आमजन के लिए शनिवार से खोल दिया गया। अब जल्द ही बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भी इसकी सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी की जा रही है। वहीं शनिवार को मंडी में दाखिल होने वाले हर एक व्यक्ति को इस टर्मिनल से होकर गुजरना पड़ा। इस टर्मिनल में जैसे ही कोई व्यक्ति दाखिल होगा, सेंसर की मदद से ३० सेकेंड के लिए सैनिटाइजर का फौव्वारा निकलेगा।

## लॉकडाउन अवधि में डिजिटल लर्निंग की सराहनीय उछाल

प.सू.का/नई दिल्ली। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने कोविड-१६ लॉकडाउन के प्रभावों को कम करने और इस अवधि में अध्ययन तक छात्रों की निरंतर पहुंच प्रदान करने के अपने प्रयासों को जारी रखा है, देश में ई-लर्निंग में पिछले दो हफ्तों के दौरान सराहनीय उछाल देखी गई है। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री, रमेश पोखरियाल निशंक, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से, संस्थानों के प्रमुखों के साथ लगातार संपर्क में हैं और आवश्यक मार्गदर्शन दे रहे हैं तथा इस संबंध में फीडबैक भी प्राप्त कर रहे हैं। स्कूलों और उच्च शिक्षा संस्थानों दोनों ने अपने और छात्रों के पास उपलब्ध संसाधनों के आधार पर ऑनलाइन कक्षाओं के विभिन्न तरीकों को अपनाने और अध्ययन सामग्री को साझा करना शुरू कर दिया है। इनका दायरा स्काइप, जूम, गूगल क्लासरूम, गूगल हैंगआउट, पियाजा जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से योजनाबद्ध ऑनलाइन कक्षाओं से लेकर शिक्षकों द्वारा यूट्यूब, व्हाट्सएप के माध्यम से व्याख्यानों और क्लास नोट्स को अपलोड करने, स्वयं, एनपीटी-ईएल जैसे डिजिटल लर्निंग संसाधनों के लिंक को साझा करने और ऑनलाइन पत्रिकाओं तक पहुंच प्रदान करने तक विस्तृत है। छात्रों के पास इंटरनेट कनेक्टिविटी की कमी के कारण, कई मामलों में ई-लर्निंग में रूकावटें देखी गई हैं।




इस समस्या में कुछ हद तक कमी लाने के लिए, शिक्षकों द्वारा रिकॉर्डिंग किए गए व्याख्यानों और लाइव सत्रों के अलावा स्लाइडों या हाथ से लिखे हुए नोट्स को भी साझा किया जा रहा है, जिससे नेटवर्क की अनिश्चितता वाले छात्रों को भी कम से कम कुछ सामग्रियों की प्राप्ति हो सके।

मंत्री ने छात्रों से आग्रह किया कि वे अपने अध्यन में बढ़ोत्तरी करने के लिए इन चैनलों का अधिकतम उपयोग करें।

## लॉकडाउन का उल्लंघन करने पर यूपी में दर्ज हुआ 12236 एफआईआर

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। यूपी में लॉकडाउन का सख्ती से पालन करवाया जा रहा है और इसका उल्लंघन करने वालों पर पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार दिनांक ०६.०४.२०२० को प्रेस कॉन्फ्रेंस में यूपी के अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि लॉकडाउन का उल्लंघन करने पर अब तक यूपी में १२२३६ एफआईआर दर्ज की गई हैं और ३१,२१६ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं, फर्जी खबर फैलाने के मामले मे ७८ एफआ-ईआर भी दर्ज की जा चुकी हैं। १५ जिलों के हॉटस्पाट वाले क्षेत्रों को लेकर अपर मुख्य सचिव गृह ने बताया कि मेडिकल, सैनिटाइजेशन और डोर स्टेप डिलीवरी टीमों के अलावा वहाँ



किसी अन्य को आवागमन की अनुमति नहीं दी गई है। इस संबंध मे जिलों के प्रशासन व पुलिस के अफसरों को स्पष्ट आदेश दे दिए गए हैं। अवनीश कुमार अवस्थी ने लोगों से अपील की है कि चिकित्सा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और अपने चेहरे को मास्क, रुमाल, गमछा या दुपट्टे से अनिवार्य रूप से ढकें। उन्होंने कहा कि इस बीमारी से निजात पाने और लॉकडाउन को शीघ्र खोले जाने के लिए आवश्यक है कि लोग घरों से न निकलें और लॉकडाउन का पूर्णतया पालन करें। दूसरी ओर प्रमुख सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि अब तक प्रदेश के ४० जिलों से ४१० कोरोना पॉजिटिव मामले सामने आए हैं जिनमें से ३१ मरीज पूरी तरह ठीक हो चुके हैं। पॉजिटिव पाए गए मरीजों में २२१ मरीज तब्लीगी जमात से जुड़ें हैं।

## लॉकडाउन ने बदला लोगों का व्यवसाय

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। लॉकडाउन की वजह से सबसे ज्यादा असर उन लोगों पर पड़ा है, जो डेली कमाने खाने वाले हैं। इस कठिन परिस्थिति में दो वक्त की रोटी के लिए रोज कमाने खाने वालों ने अलग ही रास्ता पकड़ लिया है। तमाम लोगों ने अपना धंधा ही बदल दिया है। चाहे वो कपड़े की दुकान पर काम करने वाला हो या कोई कबाड़ बेच कर अपना जीवन यापन करने वाला।

अब ऐसे लोग पेट पालने के लिए अपना धंधा बदलते हुए आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में जुट गए हैं। किसी ने सब्जी का ठेला लगा लिया तो किसी ने बाहर से आने वाली वस्तुओं की माल ढुलाई का काम करना शुरू कर दिया है। लेकिन शहर में अब भी सैकड़ों की संख्या में ऐसे बेरोजगार हैं जिनके पास कोई काम ही नहीं है।

# कोविड-19: सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड द्वारा किया जा रहा है उत्कृष्ट कार्य




रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। विश्व भर में फैले कोरोना वायरस (कोविड-१६) के महामारी के जंग में सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड के सदस्यों द्वारा केंद्रीय चिकित्सालय उ.म.रे/प्रयागराज में शिविर लगाकर दिनांक २४.०३.२०२० से निस्वार्थ भाव से अस्पताल में आने वाले रोगियों का स्कैनिंग कर अपनी सेवायें दे रहे है।

## पाठकों से

आपको यह अंक कैसा लगा? कृपया अपने सुझावों, आलोचनाओं से अवश्य ही अवगत करायें। इसमें आप और क्या परिवर्तन चाहते है। आपके पत्रों का हमें इंतजार रहेगा।

प्रधान सम्पादक

# लॉकडाउन के चलते गृहकर में वृद्धि टली

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोरोना वायरस के कारण पूरे देश में सम्पूर्ण लॉकडाउन कि वजह से नगर नियम प्रयागराज में प्रस्तावित गृहकर बढ़ोतरी टाल दी गई है, जो कि एक अप्रैल से प्रस्तावित थी, लेकिन इसे अभी लागू नहीं किया गया है। वहीं इस संबंध में नगर निगम के सूत्रों का कहना है कि शासन से इस संबंध में जल्द ही कोई आदेश जारी हो सकता है। आदेश में संभवत अगले तीन महीने के लिए गृहकर वृद्धि से राहत मिल सकती है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके मिश्रा का कहना है कि फिलहाल गृहकर बढ़ोतरी का आदेश जारी नहीं किया गया है। उन्होने कहा है कि इस संबंध में शासन के निर्देश की प्रतीक्षा की जा रही है। दूसरी ओर वरिष्ठ पार्षद आनंद घिल्डियाल ने शनिवार दिनांक ०४.०४.२०२० को महापौर अभिलाषा गुप्ता से इस हालात में में बढ़ा हुआ गृहकर लागू न करने की मांग की है।

# भरोसे लायक नहीं है मौलाना साद- दारुल उलूम

रे.स.ब्यू./सूत्र. देवबंद। गलत बयानों को लेकर देवबंद हजरत निजामुद्दीन मरकज के प्रमुख व मौलाना साद कांधलवी पहले भी विवादों के चलते चर्चाओं में रहे हैं। यह कहना है दारुल उलूम का, इस वजह से इस्लामी तालीम के देवबंदी विचारधारा के केंद्र और सबसे बड़े मरकज दारुल उलूम उनसे पिछले कई वर्षो से सख्त नाराज चल रहा है। यही कारण है कि पूर्व में बी दारुल उलूम फतवा जारी कर कह चुका है कि, मौलाना साद भरोसे के लायक नहीं है। अब वर्तमान हालात को देखते हुए दारुल उलूम का कहना है कि मौलाना साद कदापि भरोसे लायक नहीं हैं। दारुल उलूम ने कहा है कि मौलाना साद विदेशों में होने वाले जलसों में भी गलत बयानी करते रहे हैं। बतादें कि मौलाना साद के द्वारा लगातार इस्लाम की गलत व्याख्या पेश करने से नाराज दारुल उलूम ने दो वर्ष पूर्व ही फतवा जारी किया था। उसमें लिखा गया था कि मौलाना साद अपने मन से हदीसे पेश कर रहे हैं।




# जागरूकता: इस बस्ती में बाहरी लोगों का आना माना है

रे.स.ब्यू./सूत्र.आगरा। लाकडाउन का पालन करना अगर सीखना है, तो आगरा में शाहगंज के भोगीपुरा क्षेत्र में एक बस्ती से नजीर लिया जा सकता है, जहां लोग ज्यादा पढ़े-लिखे भले नहीं हैं, लेकिन मौके की इस नजाकत से अच्छी तरह परिचित हैं। बस्ती वालों ने यहाँ बाहर बड़ा कपड़ा लगाकर बाहरी लोगों का प्रवेश बंद कर दिया है। इस बस्ती में ज्यादातर जूते के कारीगर रहते हैं। इसके बावजूद इनमे जागरूकता में कमी नहीं है।

# यूपी में हुए चार आईपीएस अधिकारियों के तबादले

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। उत्तर प्रदेश शासन ने डीजी रैंक के चार आईपीएस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है। ये तबादले दो आईपीएस अधिकारियों के सेवानिवृत्त होने के बाद किए गए हैं। मंगलवार दिनांक ३१.०३.२०२० को डीजी फायर सर्विसेज जावीद अहमद और डीजी सीबीसीआईडी वीरेंद्र कुमार रिटायर हो गए थे। वहीं वीरेंद्र कुमार के स्थान पर डीजी विशेष जांच विश्वजीत महापात्र को सीबीसीआईडी का नया डीजी बनाया गया है, और डीजी एवं अध्यक्ष पुलिस भर्ती बोर्ड राजकुमार विश्वकर्मा को डीजी फायर सर्विस का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। डीजी के पद पर पदोन्नति पाए बृजराज को पीटीसी में डीजी के पद पर प्रोन्नति दी गई है, वहीं चंद्रप्रकाश को एडीजी रूल्स एंड मैन्युअल से डीजी विशेष जांच के पद पर भेजा गया है।

# कोरोना संबंधित हर पोस्ट पर रहेगी अब पुलिस की निगरानी

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। सोशल मीडिया पर कोरोना के संबंध में लगातार की जा रही टिप्पणियों और अफवाहों पर पुलिस ने और कड़ी नजर रखनी शुरू कर दी है। दूसरी ओर निर्देश जारी कर एडीजी जोन ने कहा है कि किसी भी आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में पुलिस द्वारा तत्काल मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई कि जाए। पुलिस अफसरों का कहना है कि इन दिनों लगातार कोरोना के संबंध में सोशल मीडिया पर अनर्गल टिप्पणियां की जा रही हैं। जिससे लोगों में भ्रम की स्थिति पैदा होती है। इसी के साथ पुलिस के साइबर सेल और सोशल मीडिया सेल को भी अलर्ट कर दिया गया है और निर्देशित किया गया है कि कोरोना और लॉक डाउन को लेकर सोशल मीडिया पर लिखी जाने वाली बातों पर कड़ी निगरानी रखी जाये। एडीजी जोन प्रेम प्रकाश ने बताया कि इस संबंध में दिशा निर्देश जोन के सभी जनपदों के लिए हैं।

# मरकज में हिस्सा लेने वाले खुद दें प्रशासन को जानकारी- शिवपाल यादव



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने दिल्ली के निजामुद्दीन स्थित मरकज में तब्लीगी जमात में हिस्सा लेने वालों से अपने बारे में खुद प्रशासन को जानकारी देने की अपील की है। मंगलवार दिनांक ३१.०३.२०२० को ट्वीट के माध्यम से यह बात कही। शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि दिल्ली में लॉकडाउन के बावजूद निजामुद्दीन इलाके में स्थित मरकज में मौजूद लोगों में से २४ के कोरोना संक्रमित पाए जाने से संक्रमण का खतरा और बड़ता जा रहा है। इसलिए उन्होने एसे लोगों से अपील की कि वह खुद ही स्वयं को क्वारंटीन करें और प्रशासन को इसकी सूचना दें। बतादें कि दिल्ली के निजामुद्दीन स्थित मरकज में १ से १५ मार्च के बीच देश के तमाम राज्यों और विदेश से लोग आए थे।

# संत निरंकारी ने राहत कोष में दिये पाँच करोड़

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। प्रधानमंत्री राहत कोष में संत निरंकारी मंडल ने ५ करोड़ रुपये कि आर्थिक मदद की है। जिससे कोरोना की जंग लड़ने में मदद मिलेगी। मिशन के मीडिया प्रभारी आरडी केसरवानी के अनुसार मिशन ने पंजाब, हरियाणा व महाराष्ट्र सरकार को भी ५०-५० लाख रुपये की सहायता प्रदान की है। जोनल इंचार्ज अशोक सचदेव के अनुसार मि'ान की ओर से प्रयागराजव भदोही की शाखाओं में सेवा कार्य किया जा रहा है।

# लाकडाउन में युवतियों से लूट की कोशिश पर चौकी इंचार्ज समेत चार निलंबित

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। लॉकडाउन में प्रयागराज के चंद्रलोक सिनेमा के पास दो युवतियों से लूट की कोशिश की गई।

घटना के बाद कोतवाली पुलिस अज्ञात हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच कर रही है। वहीं नाराज एसएसपी ने कोतवाल, चौकी इंचार्ज समेत चार को निलंबित कर दिया है। राहगीरों के मुताबिक चंद्रलोक सिनेमा के पास दिनांक ३०.०३.२०२० सोमवार कि शाम दो युवतियां सामान लेकर घर जा रही थीं वहीं बाइक सवार दो युवकों ने लड़कियों से लूट की कोशिश की। लड़कियों के शोर मचाने पर वहां मौजूद अविनाश नाम के युवक ने बचाव करने पहुंचा, जिस पर बदमाशों ने किसी धारदार हथियार से अविनाश पर हमला कर दिया और फरार हो गए। प्रयागराज के एसपी सिटी बृजेश श्रीवास्तव ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से बाइक सवार हमलावर की पहचान कर तलाश की जा रही है।

# कोरोना महासंकट में किसानों को हरसंभव राहत पहुंचाने पर जोर

प.सू.का/नई दिल्ली। राज्यों के कृषि मंत्रियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने बुधवार को विस्तृत चर्चा की। इस दौरान मुख्य रूप से कोरोना वायरस (कोविड -१६) के कारण उत्पन्न संकट के दौर में खेती-किसानी के लिए हरसंभव राहत पहुंचाने पर जोर दिया गया। दिनांक ०८.०४.२०२० को तोमर ने कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों के लिए अधिकतम छूट दे दी है, जिसका लाभ लेकर फसल कटाई का जितना काम कर लिया गया, वह हमारे किसानों और गांवों की ताकत का प्रकटीकरण है।



अब राज्यों को चाहिए कि वह फसल कटाई के बचे हुए काम के साथ ही उपार्जन कार्य सुचारू रूप से संपन्न कराए। इस दौरान सामाजिक दूरी बनाए रखने, किसानों को परेशानी नहीं होने देने, उन्हें कहीं दूर नहीं जाना पड़े, यह सब गंभीरता से देखा जाएं। सभी राज्य भी कंट्रोल रूम बनाकर केंद्रीय कृषि मंत्रालय के कंट्रोल रूम के साथ पूरा समन्वय बनाए रखें ताकि विशेषकर, अंतरराज्यीय परिवहन की समस्या ना आएं। केंद्रीय कृषि मंत्रालय से हुई नेशनल वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान कृषि राज्य मंत्री परषोत्तम रूपाला तथा कैलाश चौधरी एवं केंद्रीय कृषि सचिव संजय अग्रवाल भी मौजूद थे, जिन्होंने लॉकडाउन से किसानों के लिए दी गई छूट व राज्यों को भेजे दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। उन्होंने सभी से आरोग्य सेतु एप का उपयोग करने का आग्रह किया एवं इस एप के प्रचार के लिए भी कहा ताकि कोरोना महामारी से निपटने में मदद मिल सकें।

## अपील

रेल समाचार ब्यूरो सभी देश वासियों से अपील करता है कि, लॉकडाउन का पूरी तरह पालन करें, उचित दूरी बनाए रखें और अति आवश्यक कार्य हेतु ही बाहर निकलें।


- प्रधान संपादक

# कांग्रेसियों ने जरूरतमंदों को कराया भोजन

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोरोना में लाकडाउन के कारण जरूरतमदों को कांग्रेस पार्टी गंगापार के कोआर्डिनेटर राजेश दुबे और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य विनय दुबे की अगुवाई में बुधवार दिनांक ०८.०४.२०२० को फूलपुर ब्लॉक के चिरौड़ा गांव में लोगों को भोजन कराया गया। इस मौके पर अशोक मिश्र, गंगापार अध्यक्ष रामकिशुन पटेल आदि मौजूद रहे।

# यूपी बोर्ड का फैसला, 11वीं तक के सभी बच्चे होंगे पास

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। माध्यमिक शिक्षा विभाग की प्रमुख सचिव आराधना शुक्ला ने आदेश जारी करते हुए कहा कि, उत्तर प्रदेश बोर्ड के सभी स्कूलों के कक्षा 6, 7, 8, 9 व 11 के सभी बच्चों को अगली कक्षा में प्रोन्नत कर दिया जाएगा।



आदेश में कहा गया है कि कोरोना वायरस संक्रमण के चलते लॉकडाउन के कारण ये परिस्थितियां पैदा हुई हैं, इसी वजह से शैक्षिक सत्र को नियमित करने के लिए विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से अगली कक्षा में प्रोन्नत कर दिया जाए। प्रदेश में इस आदेश का लाभ लगभग ७० लाख विद्यार्थियों को मिलेगा। यूपी बोर्ड के प्रदेश में लगभग २७ हजार स्कूल हैं। माध्यमिक शिक्षा विभाग कि प्रमुख सचिव आराधना शुक्ला ने कहा कि लॉकडाउन के चलते यूपी बोर्ड की कक्षा १० व १२ वीं की कॉपियां भी चेक नहीं हो पाई हैं।

लॉकडाउन खुलते ही रिजल्ट निकालना हमारे विभाग की पहली प्राथमिकता होगी।

राष्ट्रभाषा किसी व्यक्ति या प्रांत की संपत्ति नहीं है, इस पर सारे देश का अधिकार है।
सरदार वल्लभ भाई पटेल

## लेखकों से

राष्ट्रीय, सामाजिक, फिल्म व्यंग्य आदि विषयों पर अप्रकाशित लेख प्रकाशन हेतु आमंत्रित है। अपने हस्तलिखित लेख कागज की एक ओर साफ अक्षरों से भेजें।

प्रधान सम्पादक - ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव

# जमातियों पर टिप्पणी के विवाद में युवक को मारी गोली

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। जमातियों पर टिप्पणी को लेकर हुए विवाद में प्रयागराज के करेली इलाके में लौटन निषाद उम्र लगभग ३५ वर्ष की गोली मारकर हत्या कर दी गई। रविवार सुबह दिनांक ०५.०४.२०२० को लौटन निषाद नाम का व्यक्ति अपने घर के बाहर बक्खीमोढ़ा इलाके में स्थित दुकान पर खड़े होकर कुछ युवकों के साथ बात कर रहा था। वहीं जमातियों पर शुरू हुई चर्चा ही लौटन की मौत का कारण बनी। हत्या के एक आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि एक अन्य आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा। वहीं परिजनों की तहरीर पर १७ लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। घटना के बाद तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दी गई थी। लौटन पुत्र तुलसी निषाद करेली इलाके के बख्शीमोढ़ा गांव का ही रहने वाला था। वहीं अशोक कुमार कनौजिया, एडीएम सिटी ने बताया कि शासन ने वारदात को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित परिवार को तत्काल ५ लाख की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है।


# कोरोना महामारी के अंधकार को भगाने के लिए प्रयागराज में मनी दिवाली



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। संगमनगरी प्रयागराज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर रविवार की रात नौ बजे में मठ, मंदिरों, चर्चो से लेकर घर-घर के दरवाजे और छतों, बारजों पर कोरोना महामारी के अंधकार को भगाने के लिए दीये जलाकर उजाला किया गया। दिनांक ०५.०४.२०२० को इस दौरान शंखनाद भी हुआ और दीपमालाएं भी बनाई गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस आह्वान पर दीपदान अभियान को साकार बनाने में हर वर्ग के लोग आगे आए। शिक्षकों, युवाओं, व्यापारियों और सामाजिक संगठनों ने दीप जलाए। कुछ देर के लिए संगमनगरी में मानों दिवाली जैसा नजारा छा गया था। वहीं घर की महिलाएं दीया-बाती सजाने में दिन से ही जुट गई थीं। किसी ने घी की बाती सजाई तो किसी ने मोमबत्ती मंगाया। हर प्रयागराज वासी को रात नौ बजने का इंतजार बेसब्री से था। सिविल लाइंस के हनुमत निकेतन मंदिर में महंत योगेंद्र मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में कोरोना के खिलाफ १०८ दीप जलाए गए, तो दूसरी ओर अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि की मौजूदगी में सैकड़ों दीप जलाए गए। लखनऊ डायोसेशन के बिशप पीटर बलदेव खुद पादरियों और पत्थर गिरजा चर्च के सेवादारों के साथ दीपदान में शामिल हुए। प्रसिद्ध मूंछ नर्तक दुकान जी ने भी घर की सभी लाइटें बंद कर दरवाजे पर मोमबत्ती जलाकर मूंछ नृत्य किया।

# डाक्टरी परामर्श हेतु रेलवे हास्पिटल में वीडिओ कालिंग की सुविधा

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोविड-१६ वैश्विक महामारी को ध्यान में रखते हुए रेलवे के सेंट्रल हॉस्पिटल प्रयागराज में वीडियो कॉलिंग की सुविधा का शुभारंभ किया गया है। अब रेलवे कर्मचारी चौबीसों घंटे किसी भी समय जियो नंबर 7518704600 पर व्हाट्सएप वीडियो कॉल या जिओ वीडियो कॉल करके आकस्मिक विभाग में उपस्थित डॉक्टर से घर बैठे अपने मरीज की स्थिति दिखा कर परामर्श ले सकते हैं। लाक डाउन वीडियो कॉल द्वारा परामर्श की यह सुविधा रेलवे कर्मचारियों के लिए वरदान सिद्ध होगी।




# अब मोबाइल एप से जाने कोरोना है या नहीं

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। आयुष मंत्रालय भारत सरकार की ओर से लांच की गई आरोग्य सेतु एप की मदद से कोरोना महामारी से आपको कितना खतरा है, चिकित्सक की सलाह आपको लेनी है या नहीं, और आप में अगर एसा कोई लक्षण कोराना से संबन्धित नजर आता है तो आरोग्य सेतु एप ही आपको सेल्फ आइसोलेशन के लिए निर्देशित करेगा। वहीं इसकी उपयोगिता को देखते हुए मानव संसाधन मंत्रालय ने सभी स्कूल और कॉलेज संचालकों को इस एप के बारे में जागरूक करने का निर्देश दिया है। इस एप में ११ भारतीय भाषाओं में जानकारी हासिल की जा सकती है। एप में ही आयुष मंत्रालय ने कोरोना का मजबूती से सामना करने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का उपाय भी बताए हैं।

# कोविड केयर फंड में कैबिनेट मंत्री नंदी ने दी एक वर्ष की विधायक निधि

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने अपने विधायक निधि से एक वर्ष की संपूर्ण निधि उत्तर प्रदेश कोविड केयर फंड में दी है। यह राशि तीन करोड़ रुपये की है। दूसरी तरफ कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कोविड केयर फंड में एक वर्ष की विधायक निधि देने के लिए पत्र लिखा है। कैबिनेट मंत्री नंदी ने कहा कि आज पूरा विश्व कोविड-१६ महामारी से जूझ रहा है । उन्होने प्रयागराज की जनता से निवेदन कर कहा कि वह सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करते हुए अपने-अपने घरों में ही रहे और अफवाहों से बचें। वहीं कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ- नाथ सिंह ने कोविड केयर फंड में एक करोड़ की धनराशि देने का ऐलान किया है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर विधानमंडल क्षेत्र विकास निधि से प्रयागराज एवं प्रदेश वासियों की कोविड-१६ से रक्षा हेतु आवश्यक उपकरण की खरीद के लिए एक करोड़ रुपये की संस्तुति की है।



## हमारे ग्राहक

"हमारे पास आने वाला हर ग्राहक एक महत्वपूर्ण अभ्यागत है। वह हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम उस पर निर्भर हैं। वह हमारे काम में बाधक नहीं, साधक है। वह हमारी कार्य-सीमा से विलग नहीं है, बल्कि उसका ही अंग है। हम उसकी सेवा करके उस पर उपकार नहीं करते वरन् वह हमें सेवा का अवसर प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करता है। ग्राहक से तर्क करना उचित नहीं है। उससे तर्क करके अभी तक किसी को सफलता नहीं मिली।"

महात्मा गांधी

# कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे, यह हम सब की जिम्मेदारी-मण्डलायुक्त



सूचना विभाग. प्रयागराज। स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ मण्डलायुक्त प्रयागराज आर० रमेश कुमार ने एक बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों से टीम भावना के साथ काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस महामारी के दौर में सभी को एक-दूसरे की भावनाओं को सम्मान देते हुए अपना योगदान देने की जरूरत है। मण्डलायुक्त ने नगर निगम एवं ग्राम विकास के अधिकारियों से पीड़ित गरीब एवं असहाय लोगो को दी जा रही नकद धनराशि एवं राशन वितरण के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मजदूर, पल्लेदार एवं इसी प्रकार के अन्य गरीब लोगो का कार्ड बनाकर शीघ्र उनको सहायता राशि एवं राशन का वितरण सुनिश्चित करें। उन्होने दिनांक ०६.०४.२०२० को कहा कि कहीं से भी किसी भी व्यक्ति के भूखे रहने की सूचना नहीं मिलनी चाहिए।

यह हम सब की जिम्मेदारी है। मण्डलायुक्त ने कृषि विभाग व पशुपालन विभाग के अधिकारियों से पशुओं के चारे की व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली।

# निजी चिकित्सकों ने इमरजेंसी के नाम पर बढ़ाई फीस

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। लाकडाउन की अवधि में जहां सरकारी डॉक्टर कोरोना योद्धा बने हैं, वहीं दूसरी तरफ मोहल्लों में क्लीनिक खोलकर बैठे निजी डाक्टरों ने इमरजेंसी के नाम पर अपनी फीस बड़ा दी है। लॉकडाउन के दौरान कोई मरीज आया तो उससे इमरजेंसी के नाम पर एक हजार रुपये तक वसूले जाने की शिकायतें पीड़ितों ने की हैं। आमतौर पर निजी डॉक्टरों की फीस पांच से छह सौ रुपये जो सात दिन के लिए वैध होती हैं, वहीं इमरजेंसी के नाम पर एक हजार पहुँच गई है। कीडगंज निवासी राजू केसरवानी ने बताया कि वह नियमित तौर पर इलाज कराने जाते हैं।

# प्रयागराज आए १६ जमातियों का वीजा हुआ निरस्त

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। दिल्ली के निजामुद्दीन मरकज में आयोजित तबलीगी जमात के जलसे में शामिल हजारों जमातियों के कोराना संक्रमित होने के कारण पूरे देश भर में इनकी तलाश शुरू हुई थी। जिसको देखते हुए प्रयागराज में भी जांच पड़ताल के दौरान ३१ मार्च को शाहगंज के अब्दुल्लाह मस्जिद मुसाफिरखाने में सात इंडोनेशियाई जमाती छिपकर रह रहे थे। जिसके बाद उनके खिलाफ शाहगंज व करेली थाने में धारा १४४ के उल्लंघन बीमारी फैलाने के आरोप समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज हुआ था। अब इन १६ विदेशी जमातियों का वीजा निरस्त हो गया है, और उन्हें ब्लैकलिस्ट भी कर दिया गया है।

विदेश मंत्रालय की ओर से इस संबंध में भेजी गई सूचना राज्य सरकार के माध्यम से पुलिस अफसरों को भी मिल गई है। पुलिस का कहना है कि टूरिस्ट वीजा पर आने के बावजूद यह धार्मिक प्रचार की गतिविधियों में शामिल हुए, जो पूरी तरह से वीजा नियमों का उल्लंघन है। सूत्रों के अनुसार आईजी रेंज केपी सिंह ने बताया कि विदेश मंत्रालय की ओर से सूचना प्राप्त हो गई है।

# कोरोना वायरस के खात्में को हुआ नवचंडी यज्ञ

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। कोरोना वायरस को जड़ से नष्ट करने के लिए सिविल लाइंस के श्रीहनुमत निकेतन में बुधवार दिनांक ०१.०४.२०२० को नवचंडी महायज्ञ किया गया। मंदिर के महंत पं योगेंद्र मणि त्रिपाठी के सानिध्य में महामारी निवारण मंत्रों का पाठ किया गया। महाअष्टमी के अवसर पर इस दौरान विश्व स्तर पर कोरोना से मानवता के रक्षार्थ सविधि आहुतियां भी दी गई। महंत पं योगेंद्र मणि त्रिपाठी के सानिध्य में लॉकडाउन में फंसे लोगों को भोजन प्रसाद का वितरण किया गया।

# प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से बिक रहा है गुटखा

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए उत्तर प्रदेश कि योगी सरकार ने पान मसाला एवं गुटका की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन फिर भी शहर के थोक विक्रेता शहर के प्रमुख बाजारों में दो गुना दाम पर धड़ल्ले से इसकी बिक्री कर रहे हैं। यहाँ तक गुटके के एक-एक पाउच १० रुपए तक बेचे जा रहे हैं। प्रयागराज शहर में पान मसाला एवं गुटका का थोक मार्केट जानसनगंज स्थित पान दरीबा है। योगी सरकार ने पिछले दिनों ही प्रदेश में पान मसाला, गुटके की बिक्री पर रोक लगाई है। बावजूद इसके जिन थोक व्यापारियों के यहां पान मसाला और गुटके का स्टॉक है वह इसे चुपचाप बेंच रहे हैं। गली मोहल्लों में लगभग हर किराना एवं जनरल स्टोर में चोरी छुपे लोगों को गुटका खैनी और पान मसाला उपलब्ध हो जा रहा है।

# अप्रमाणित समाचारों का प्रसार न करें मीडिया: उच्चतम न्यायालय



प.सू.का/नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया सहित मीडिया को जिम्मेरदारी की प्रबल भावना बरकरार रखने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि ऐसे अप्रमाणित समाचारों का प्रसार न होने पाए, जिनसे दहशत फैल सकती हो। उच्चतम न्यायालय ने इस बात पर ध्यान दिया है कि शहरों में काम करने वाले कामगारों के बड़ी संख्या में प्रवासन का कारण फेक न्यूज के कारण फैली दहशत थी, कि लॉकडाउन तीन महीने से ज्यादा अवधि तक चलने वाला है।

न्यायालय ने अपने आदेश में कहा है कि वह महामारी के बारे में निष्पक्ष चर्चा पर दखल नहीं देना चाहता, लेकिन साथ ही न्यायालय ने मीडिया को घटनाक्रमों के बारे में आधिकारिक विवरण का संदर्भ लेने और प्रकाशन करने का निर्देश दिया है।

# लॉकडाउन: रामनवमी पर भक्तों ने घर पर कि पूजा-अर्चना

रे.स.ब्यू./सूत्र. वाराणसी। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस को रोकने के लिए देशभर में २५ मार्च से २१ दिन के लिए लॉकडाउन घोषित किया है। सरकार द्वारा लोगों को घरों में रहने की सलाह दी गई थी। इस दौरान धर्मनगरी काशी में लॉकडाउन के बीच रामनवमी की पूजा शहरवासियों ने घर पर ही कि, कन्या पूजन और ६ कन्याओं को भोजन कराने को लेकर कन्या भी नहीं मिली। सभी मंदिरों के कपाट बंद ही मिले, कोरोना वायरस की वजह से कोई भी घर से बाहर नहीं जा पा रहा था।

# जिलाधिकारी प्रयागराज ने किया कोटवा बनी सीएचसी का निरीक्षण



सूचना विभाग. प्रयागराज। कोटवा एट बनी में बनाये गये एल-१ अस्पताल का प्रयागराज के जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी ने निरीक्षण किया और मरीजों को उपचारित किये जाने की पूरी प्रक्रिया व बरती जा रही सावधानियों की जानकारी प्राप्त करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। दिनांक १०.०४.२०२० शुक्रवार को उन्होंने कहा कि आसपास के गांवों में साफ-सफाई व सैनीटाइजेशन का कार्य प्रतिदिन अवश्य कराया जाये तथा अस्पताल की ओर आने वाले रास्तों को प्रतिबंधित किया जाये। न तो कोई यहां आने पाए और ना ही यहां को कोई भी व्यक्ति यहां से बाहर जाए। जिलाधिकारी ने एल-१ अस्पताल हेतु कंट्रोल रूम की व्यवस्था अस्पताल के पास ही किए जाने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा बहुत जरूरी कार्य न हो तो घर से बाहर न निकले, नही तो कार्रवाई की जायेगी।

# रेलवे स्टेशनों पर बिना थर्मल स्कैनिंग के नहीं मिलेगा प्रवेश

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। कोरोना संक्रमण चलते पिछले कई दिन से देश भर में सभी यात्री ट्रेनों का संचालन बंद है। वहीं अब यात्री ट्रेनों का संचालन शुरू होने के साथ ही रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को प्रवेश तभी दिया जाएगा जब तक उनकी थर्मल स्कैनिंग ना हो जाए। इसके अलावा हर एक यात्रियों को रेलवे द्वारा बनाई गई सैनिटाइजेशन टनल से भी गुजरना पड़ेगा।

साथ ही साथ ट्रेन में यात्रियों को मास्क और सैनिटाइजर पाउच देने की भी रेल प्रशासन तैयारी कर रहा है। रेलवे बोर्ड का निर्देश के बाद ही यात्री ट्रेनों का संचालन शुरू हो पाएगा। प्रयागराज मण्डल के डीआरएम अमिताभ का कहना है कि यात्री कि सुरक्षा और कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए रेलवे अपनी तैयारियां जोर-शोर से कर रहा है। इसके लिए प्रयागराज मंडल ने सैनिटाइजर टनल भी बनाई है।

# निगेटिव आई इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर की रिपोर्ट



रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। मरकज से लौटे इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर की कोविड-१६ की रिपोर्ट निगेटिव आई है। बतादें कि प्रोफेसर मरकज में शामिल होकर १० मार्च को लौटे थे। उनके ऊपर आरोप है कि उनके कहने पर ही सात इंडोनेशियाई और दूसरे प्रांतों के चार लोगों को अब्दुल्ला मस्जिद के मुसाफिर खाने में ठहराया गया था। उन्होंने इसकी जानकारी भी प्रशासन को नहीं दी थी। जानकारी मिलते ही प्रोफेसर और उनकी पत्नी को क्वारंटीन कर दिया गया था। वहीं बृहस्पतिवार दिनांक ०६.०४.२०२० को उनकी जांच के नमूने मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में भेजे गए थे। जांच के बाद रिपोर्ट निगेटिव आई है। शिवकुटी पुलिस ने विज्ञान विभाग के प्रोफेसर मो. शाहिद पर धारा १४४ के उल्लंघन समेत अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज किया था।

# ट्रैक्टर से कुचलकर सिपाही की मौत

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। बालू लदे ट्रैक्टर ट्राली से कुचलकर यमुना कछार के पास स्थित एक सिपाही की मौत हो गई। घटना दिनांक १०.०४.२०२० कि रात करीब १० बजे तब हुई जब पुलिस अवैध बालू खनन करने वालों को पकड़ने पहुंची थी, और सिपाही रवि ने गाड़ी से उतरकर ट्रैक्टर को पकड़ने का प्रयास किया था, इसी दौरान ट्राली पलट गई। वहीं सिपाही के घर में कोहराम मचा रहा। मौके पर पहुंचे आला अधिकारी शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक ट्रैक्टर मोहब्बतगंज के राजबहादुर का है।

# लखनऊ में केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में लगी आग



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर की द्वितीय मंजिल पर लिफ्ट के पास रखे कबाड़ में आग लग गई। इससे मेडिसिन और आर्थो विभाग में धुआं भरने से मरीजों में चीख-पुकार मच गई। बुधवार दिनांक ०८.०४.२०२० को रात करीब १०.३० बजे आग लगने के बाद आनन-फानन में रेजिडेंट डॉक्टर व अन्य कर्मियों ने बेड सहित मरीजों को नीचे उतारकर दूसरे वार्ड में शिफ्ट किया। दमकल भी मौके पर आग बुझाने में लगी रही। सूत्रों के अनुसार मेडिसिन और आर्थो विभाग की गैलरी में स्पार्किंग के साथ तेज धमाका हुआ था, जिससे पास में लिफ्ट में भी आग लग गई, और पूरे वार्ड में धुआं भर गया। चिकित्सा अधीक्षक/ट्रॉमा सेंटर प्रो. सुरेश कुमार ने बताया कि आग से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। मेडिसिन विभाग के सभी मरीजों को निकालकर आग बुझा दी गई थी।

# लाकडाउन से कारोबारियों को अब तक करोड़ों का नुकसान

रे.स.ब्यू./सूत्र। प्रयागराज में लॉकडाउन का सबसे ज्यादा असर यहाँ के कारोबारियों पर दिख रहा है। जानकार बताते हैं बीते १८ दिन के दौरान शहर के कारोबारियों को लगभग २५०० करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई होने के कारण किराना, दवा, सब्जी एवं आवश्यक वस्तुओं के व्यापारियों पर लॉकडाउन का असर उतना नहीं है। जितना कि १८ दिनों से बंद पड़े रेस्टोरेंट, कपड़ा की दुकान, फुटवियर, ज्वैलर्स,मोबाइल, आदि पर है।

# लॉकडाउन में बोर होते बच्चे निखार रहें हैं प्रतिभा

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। कोविड-19 के कारण लॉकडाउन होने के बाद लोग अपने घरों में बैठे हैं, जिससे कि इस महामारी कोरोना वायरस के संक्रमण को रोका जा सके। इस दौरान कई लोगों की शिकायतें आ रही हैं, कि वह घर में बैठ कर बोर हो रहे हैं। ऐसे में क्या करें? प्रयागराज में लॉकडाउन के बीच घर में बैठे कुछ लोग इस समय का सदुपयोग कर रहे हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक वह काम कर रहे हैं, जिसमें उनका मन और बच्चों का मन लगे। कोई घर पर बैठकर रसोई में नए नए पकवान बनाना सीख रहें हैं तो बच्चे अलग अलग तरीकों से कार्टून बनाना और तो और बच्चे कोरोना वायरस को रोकने के लिए जागरूक भी कर रहे हैं। कोरोना वायरस को बच्चों ने तसवीरों में उतारा, वह घर में बैठकर पेंटिंग या चित्र बना रहे हैं। इसके साथ ही वह अपनी प्रतिभा को भी निखार रहे हैं।

# सरकार कर रही है देश में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित:गौड़ा




प.सू.का/नई दिल्ली। केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री डी.वी. सदानंद गौड़ा ने कहा कि उर्वरक विभाग आगामी खरीफ मौसम के लिए उर्वरकों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास कर रहा है। गौड़ा ने एक ट्वीट में कहा कि देश में, उर्वरकों की उपलब्धता की स्थिति संतोषजनक है। गौड़ा ने कहा कि सरकार समय पर किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की आपूर्ति करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए उर्वरक विभाग उर्वरकों के उत्पादन, आपूर्ति और उपलब्धता पर करीबी नजर रखे हुए है, और इसके लिए राज्य सरकारों और रेल मंत्रालय के साथ नियमित संपर्क में है। किसानों के लिए यूरिया की नियमित आपूर्ति बाजार में की जा रही है।

# लोक सेवा आयोग ने स्थगित की दो बड़ी परीक्षाएं

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। लॉकडाउन के कारण लोक सेवा आयोग ने दो बड़ी भर्ती परीक्षाएं स्थगित करनी पड़ीं। इनमें से एक परीक्षा इस माह होनी थी और दूसरी मई के पहले सप्ताह में होनी थी। दोनों परीक्षाएं स्थगित किए जाने की सूचना परीक्षा नियंत्रक अरविंद मिश्र ने वेबसाइट पर अपलोड करा दी है। बतादें कि पीसीएस २०१६ की मुख्य परीक्षा २० अप्रैल से प्रस्तावित थी। इसे स्थगित कर दिया गया है। वहीं आयोग ने पेपर लीक के विवाद के कारण पिछले दिनों २०१६ में हुई समीक्षा अधिकारी-सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारंभिक परीक्षा को निरस्त कर ३ मई को फिर से परीक्षा कराने का निर्णय लिया था। अब इसे भी स्थगित कर दिया गया है। परीक्षा की अगली तिथि बाद में घोषित की जाएगी।

# Railways has made parcel vans available for supply during lockdown



PIB/New Delhi: Transportation of essential items like medical supplies, medical equipment, food, etc in small parcel sizes is going to be very important during the lockdown in the wake of COVID-19. In order to fill in this vital need, Indian Railways has made railway parcel vans available for quick mass transportation by E-Commerce entities and other customers including State governments. Railways have decided to run time-tabled Parcel Special trains on select routes, to ensure uninterrupted supply of essential items. Zonal Railways are regularly identifying and notifying routes for these Parcel Special trains. Presently these trains are being operated on 65 routes. On 14.04.2020 till 18:00 hrs, 77 trains were run, out of which 75 were time-tabled Parcel Special trains. 1835 Tonnes of material was loaded, giving an earning of Rs 63 lacs to Railways in one day. The total number of trains run till 18:00 hrs on 14.04.2020 is 522, out of which 458 have been time-tabled trains. 20, 474 Tonnes of consignments have been loaded, and the earnings have been around Rs 7.54 crores.

# राज्य कर्मचारियों के वेतन में कोई कटौती नहीं- मुख्यमंत्री



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार राज्य कर्मचारियों के वेतन में किसी भी तरह कि कोई कटौती नहीं करेगी। मुख्यमंत्री बुधवार दिनांक ०१.०४.२०२० को अपने आवास पर कोरोना वायरस कोविड-१६ पर लागू लॉकडाउन व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर योगी ने लॉकडाउन का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन की सफलता ही कोविड-१६ का सफल उपचार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गरीबों को अप्रैल का मुफ्त अनाज उपलब्ध करा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लॉकडाउन से प्रभावित नागरिकों को कोई समस्या न आने पाए। इसके साथ ही सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

# पुलिसकर्मी भी इंस्टॅाल करें आरोग्य सेतु एप

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। एसएसपी प्रयागराज ने कोरोना संक्रमण का खतरा देखते हुए सभी पुलिसकर्मियों को आरोग्य सेतु मोबाइल एप डाउनलोड करने का निर्देश एसएसपी सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने दिया है। मंगलवार दिनांक १४.०४.२०२० को अपने सम्बोधन मे प्रधानमंत्री ने आरोग्य सेतु मोबाइल एप इंस्टॅाल करने के लिए लोगों से अपील की थी। बता दें कि लॉकडाउन ३ मई तक बढ़ा दिया गया है।


Heartline

Heartline Cardiac Care Centre
14/18, Elgin Road, Near Civil Lines Bus Station
Behind BIG BAZAAR, BSNL Office
Allahabad
For Appointments : 8726209111

● ANGIOGRAPHY ● ANGIOPLASTY ● ECHO & COLOUR DOPPLER ● TMT ● HOLTER ● PERMANENT PACEMAKER

22 वर्षो से हृदय रोगियों की सेवा में समर्पित
इलाहाबाद का सर्वप्रथम एवं सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग चिकित्सा केन्द्र

हार्टलाइन हृदय रोग अस्पताल

14/18, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बस अड्डे के पास, बिग बाज़ार के पीछे - मो. 8726209111

| हृदय रोग के कारण | हृदय रोग के लक्षण | सुविधा उपलब्ध |
|---|---|---|
| धूम्रपान | सीने बाँह व कंधे मे दर्द | ई.सी.जी |
| रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) | बदन या पैरों में सूजन | ईको एवं कलर डॉपलर |
| मधुमेह (डॉयबिटिस) | खाँसी आना, हाँफना | एक्स-रे |
| मोटापा | साँस फूलना | होल्टर |
| मानसिक तनाव | कमजोरी, थकावट | टी.एम.टी. |
| गतीहीन जीवनशैली | पसीना, बेहोशी आना | स्ट्रेस ईको |
| हृदय रोग की परिवारिक समस्या | धड़कन बढ़ना | एन्जीयोग्राफी |
| खून में चर्बी की अधिक मात्रा | चक्कर आना | एन्जीयोप्लास्टी |
| अनियमित खान-पान | घबराहट होना | पेस्मेकर लगाना |

परामर्श का समय : सुबह 9 बजे से 3 बजे तक
अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण गंभीर हृदय रोग कक्ष
24 घण्टे सेवा उपलब्ध



मैक्स साकेत

कैंसर को कड़ी टक्कर देने में सक्षम,

मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ़ कैंसर केयर, साकेत, दिल्ली।



मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ़ कैंसर केयर, साकेत में उपलब्ध है 80+ अनुभवी और जाने–माने कैंसर विशेषज्ञ, जो विश्वस्तरीय एवं उन्नत तकनीकों के इस्तेमाल से मरीज़ों को देते है सम्पूर्ण उपचार व देखभाल।

मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ़ कैंसर केयर, साकेत की विशेषताऐं:

80+ कैंसर सुपर स्पेशियलिस्ट–
- बेहतर और उन्नत उपचार के लिये
- गत् वर्ष 14000 कैंसर मरीज़ों का उपचार

डिज़ीज़ मैनेजमेंट ग्रुप–
- सिर और गर्दन, स्तन, गैस्ट्रोइंस्टेटाईनल, गानेकोलॉजिकल इत्यादि जैसे भिन्न प्रकार के कैंसर के उपचार के लिये डॉक्टरों की विभिन्न टीमें

उन्नत डायगनोस्टिक–
- तुरंत कैंसर स्टेज़िंग के लिये EUS
- सटीक जांच के लिये शान्त MRI
- सटीक डिज़ीज़ स्टेजिंग के लिये PET CT

ट्यूमर बोर्ड एवं मॉलीक्यूलर ऑन्कोलॉजी–
- बीमारी के सम्पूर्ण उपचार के लिये

सर्जिकल विशेषज्ञता–
- बेहतर सर्जरी के लिये Da Vinci Xi रोबोट
- उन्नत कैंसर उपचार के लिये HIPEC
- बोन मैरो ट्रांसप्लांट

सटीक रेडिएशन थेरेपी एवं कीमोथेरेपी–
- उन्नत रेडिएशन थेरेपी के लिये SBRT
- सुविधाजनक समर्पित डे–केयर कीमोथेरेपी सेंटर
- टार्गेटेड रेडिएशन के लिये ब्रैकीथेरेपी

अपाइंटमेंट बुक करने के लिए कॉल करें:
+91 8860 444 888

MAX HEALTHCARE

EMERGENCY 011 4055 4055

मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, साकेत
1–2, प्रेस एन्क्लेव रोड, साकेत, नई दिल्ली–110017, फोन: +91 11 6611 5050, +91 11 2651 5050
www.maxhealthcare.in
टॉप 5, टाइम्स हेल्थ सर्वे 2018 के अनुसार।


## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः

१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो


समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-६० पोस्ट ए.डी-८ मो.६७६३६५६०४४ ६६५१८०४७८८, ६६३५२२४८६७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०


# याद किये गए बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर



सूचना विभाग प्रयागराज। गरीब, असहाय, वंचित, मजदूर एवं दलित के हक की लड़ाई लड़ने वाले महान समाज सुधारक एवं सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाने वाले भारतीय संविधान के निर्माता और स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री भारतरत्न डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर की जयंती पर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने लखनऊ आवास पर बाबा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा डॉ.भीमराव रामजी अंबेडकर के १२६ वीं जन्मदिवस पर महापुरुष को पूरे देश में वैश्विक आपदा की घड़ी में भाजपा कार्यकर्ता व समाज कोरोना वायरस को घरों में सुरक्षित रह कर परास्त करेंगे।

# सेंट जोसेफ कॉलेज ने दिए केयर फंड में दो लाख

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। सेंट जोसेफ कॉलेज ने पीएम केयर फंड में दो लाख रुपये दिए हैं। इसी के साथ अभिभावकों और शिक्षकों को भी प्रेरित कर रहे हैं कि वे क्षमता के अनुसार सरकार को आर्थिक मदद दें ताकि कोरोना महामारी से डटकर मुकाबला किया जा सके। कॉलेज के प्रिंसिपल फादर थॉमस कुमार ने बताया कि पूरी दुनिया पर बहुत बड़ी समस्या आई है, जिससे हमारा देश भी अछूता नहीं है। उन्होने कहा कि इसमें सबको आगे आना होगा। फादर थॉमस ने कहा कि कोरोना से लड़ाई में मदद के लिए कॉलेज की तरफ से छोटा सा प्रयास किया गया है।